हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 अगस्त 2026
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 ठेका निरस्त, बनी सिर्फ एक किमी सड़क अब करना...

07 सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में हाथियों में हुआ संघर्ष...

खबर संक्षेप

सघन जागरुकता अभियान 3.0 का शुभारंभ

नर्मदापुरम। एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भ्रांतियों को दूर करने के लिए जिले में "सघन जागरूकता अभियान-3.0" का भव्य शुभारंभ बुधवार को किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम MPSACS के निर्देशानुसार 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2026 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

ग्राम पंचायत में ही मिल रहा टोकन

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन के निर्देशानुसार खाद वितरण व्यवस्था को सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए शुरू की गई टोकन वितरण की नई हाइब्रिड व्यवस्था से किसानों ने संतुष्टि जताई है। एसडीएम सिवनी मालवा, तहसीलदार सिवनी मालवा एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को खाद प्राप्त करने हेतु टोकन वितरित किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में निर्धारित तिथि पर टोकन दिए जा रहे हैं।

कोतवाली पुलिस ने कालिका नगर में चल रहे जुआ पर की कार्रवाई

जुआ फड़ से 9 आरोपी हुए गिरफ्तार 4.62 लाख से अधिक का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा, एएसपी अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जितेंद्र पाठक के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने अवैध जुआ फड़ पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध जुआ व सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे लगातार अभियान के अंतर्गत कालिका नगर में अवैध जुआ फड़ पर कार्रवाई करते हुए 09 आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हिंगलाज कॉलोनी के पास, कालिका नगर, नर्मदापुरम स्थित आरोपी गोलू जाटव के मकान की तृतीय मंजिल पर संचालित अवैध जुआ फड़ पर दबिश दी, जिसके दौरान जुआ खेलते हुए कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

कोतवाली पुलिस ने अवैध जुआ फड़ पर प्रभावी कार्रवाई की गई जिसमें 9 जुआंरियों सहित लाखों का माल जब्त किया है।

नकदी, मोबाइल और वाहन समेत लाखों का माल जब्त

मौके एवं आरोपियों के कब्जे से 22,170 रुपये नकद, 08 मोबाइल फोन कीमत करीब 2,40,000 रुपए तथा 02 दोपहिया वाहन कीमत करीब 2,00,000 रुपए जब्त किए हैं, जिससे जब्त माल की कुल अनुमानित कीमत 4,62,170 रुपये है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पुलिस दबिश के दौरान उन्होंने मकान की बालकनी एवं खिड़कियों से पन्नों में बांधकर लगभग 35,000 रुपये मकान के पीछे स्थित नाले में फेंक दिए थे, जिनकी तलाश कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मुख्य आरोपी गोलू जाटव पिता कमल किशोर जाटव के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई थाना कोतवाली ने पृथक से प्रारंभ की है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम

कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गोलू जाटव, पिता कमल किशोर जाटव, 34 वर्ष, निवासी कालिका नगर, नर्मदापुरम, धीरज खेतवास, पिता हरराम खेतवास, 25 वर्ष, निवासी विश्वकर्मा मंदिर के पास, मालाखेड़ी, अजय जाटव, पिता गुलाब जाटव, 21 वर्ष, निवासी कालिका नगर, नर्मदापुरम, शुभम जाटव, पिता दिगंबर दास जाटव, 25 वर्ष, निवासी कालिका नगर, नर्मदापुरम, समीर जाटव, पिता पवन जाटव, 21 वर्ष, निवासी कालिका नगर, नर्मदापुरम, अनुज जाटव, पिता कलीराम जाटव, 26 वर्ष, निवासी कालिका नगर, नर्मदापुरम, अनुराग यादव, पिता बाबूलाल यादव, 35 वर्ष, निवासी मालाखेड़ी, नर्मदापुरम, राहुल राजपूत, पिता भगवत सिंह राजपूत, 29 वर्ष, निवासी कोठी बाजार, नर्मदापुरम तथा आशिक खान, पिता इकबाल खान, 35 वर्ष, निवासी जय स्तंभ चौक, नर्मदापुरम शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने सभी आरोपियों को पैदल थाने तक जुलूस के रूप में भी पहुंचाया।

सख्त चेतावनी

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध जुआ एवं सट्टा जैसे सामाजिक अपराधों के विरुद्ध अभियान सतत रूप से जारी है तथा ऐसे किसी भी अवैध गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पशु कुकृत्य के आरोपी पर हो एफआईआर, पुलिस करे कार्रवाई

विहिप और राष्ट्रीय बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ ग्राम निमसाड़िया में लोहे के कारखाने में कार्यरत एक कर्मचारी पर पशु के साथ कथित रूप से कुकृत्य किए जाने का गंभीर आरोप है। थाना पुलिस एवं प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्राम निमसाड़िया निवासी लालता मलैया उर्फ लल्ला पड़हार लोहे के कारखाने में कर्मचारी के रूप में कार्य करता है। उसने पशु के साथ कथित रूप से कुकृत्य किया। इसको लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही कारखाने के मालिक पर भी एक्शन हो।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राजीव गौर जिला अध्यक्ष,विशाल चौकसे नगर अध्यक्ष,धीरज चौकसे जिला मंत्री एवं राष्ट्रीय बजरंग अंशुल राय जिला महामंत्री,पंडित दीपक उपाध्याय जिला मंत्री एवं मीडिया प्रभारी, रवि शर्मा नगर अध्यक्ष, आशीष चौहान नगर उपाध्यक्ष, रोहित अहिरवार नगर उपाध्यक्ष, दीपेश मालवीय नगर उपाध्यक्ष,रजत सिंह पटेल नगर मंत्री, विजय मेहरा नगर मंत्री, ओम सोनी नगर मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे। व्यापारी प्रदीप गिल्ला की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोपी को एक सप्ताह के लिए गांव से बाहर निकाला गया है। ग्रामीणों और प्रबुद्ध वर्ग ने इस मामले में केवल आरोपी ही नहीं, बल्कि घटना को छिपाने वाले व्यापारी पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर स्टेशन पर हाई अलर्ट, की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के निर्देशों पर बुधवार को इटारसी रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल ने सघन गश्त और विशेष चेकिंग अभियान चलाया, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

इस विशेष अभियान का नेतृत्व सहायक उप-निरीक्षक मुकेश कुमार और सहायक उप-निरीक्षक एसके मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। आरपीएफ की टीम ने डॉग स्क्वॉड (स्निफर डॉग) की मदद से स्टेशन के मुख्य प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, सर्कुलेटिंग एरिया और पार्सल कार्यालय में संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से जांच की। इस दौरान स्टेशन परिसर में बिना वजह घूम रहे अनाधिकृत व्यक्तियों को समझाइश देकर तत्काल बाहर निकाला गया।

चेकिंग अभियान के साथ-साथ आरपीएफ अधिकारियों ने यात्रियों को एकत्र कर सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति जागरूक भी किया। गश्त के दौरान यात्रियों को निम्नलिखित अहम जानकारियां दी गईं। मानव तस्करी, ट्रेनों में होने वाली चोरी और नशाखुरानी (ड्रगिंग) करने वाले गिरोहों से सावधान रहने की अपील की गई। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए रेलवे के इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 के उपयोग के बारे में बताया गया। बिना किसी ठोस या उचित कारण के ट्रेनों में अलार्म चेन पुलिंग न करने की सख्त हिदायत दी गई। चलती ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने के खतरों और इसके सख्त कानूनी परिणामों के प्रति सचेत किया गया।

सुरक्षा जांच में सहयोग : यात्रियों से अपील की गई कि वे स्टेशन पर चल रही डॉग स्क्वॉड चेकिंग और सुरक्षा जांच में आरपीएफ का पूर्ण सहयोग करें।

आरपीएफ इटारसी के अनुसार, रेल यात्रियों को सुरक्षित और निडर होकर यात्रा करने का माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से यह विशेष चेकिंग एवं गश्त अभियान स्वतंत्रता दिवस तक निरंतर जारी रहेगा।

एक तिरंगा-एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संदेश के साथ उमड़ा जनसैलाब

कदम से कदम मिलाकर चला पूरा शहर, सेठानी घाट पर महाआरती के साथ हुआ भव्य तिरंगा यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'हर घर तिरंगा' अभियान के आह्वान पर बुधवार को पूरा नर्मदापुरम देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। शहर में एक भव्य जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें 'एक तिरंगा, एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश लेकर देश प्रेमियों का विशाल हुजूम उमड़ पड़ा। हाथों में राष्ट्रध्वज थामे नागरिक, युवा, महिलाएं और बच्चों ने कदम से कदम मिलाकर चलते हुए शहर के वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

इस गौरवशाली यात्रा की अगुवाई जिले के कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा ने हाथों में तिरंगा लेकर की। यात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे एसएनजी विद्यालय स्थित शहीद गैलरी में अमर वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद यह देशभक्ति का कारवां नेहरू पार्क, टेलीफोन चौराहा, कोठी बाजार (कलेक्ट्रेट), वन विभाग, एसपी बंगला, मालाखेड़ी बड़ चौराहा, सेमेरिटन्स स्कूल चौराहा और जेल होते हुए मीनाक्षी चौक पहुंचा। यहां से यात्रा सतरस्ता, अमर चौक, जयस्तंभ चौक और सराफा चौक से होते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ी। यात्रा मार्ग पर 'मेरी शान तिरंगा है', 'भारत हमको जान से प्यारा है', 'यह देश है वीर जवानों का' और 'ऐ वतन ऐ वतन' जैसे देशभक्ति गीतों की गूंज रही। इन तरानों ने युवाओं में गजब का जोश भर दिया। भारत माता के जयकारों और राष्ट्रभक्ति के नारों के बीच हर वर्ग के नागरिकों ने देश के प्रति अपने सम्मान और समर्पण का अद्भुत परिचय दिया।

क्रिकेट स्पर्धा में सट्टेबाजी को लेकर थाने में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के देहात थाना में एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर अनाज मंडी परिसर में बिना प्रशासनिक अनुमति के क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने और उसमें बड़े स्तर पर सट्टेबाजी होने की आशंका जताई गई है। शिकायत राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी संस्था के संचालक रोहित सिंह पवार द्वारा देहात थाना प्रभारी को सौंपी गई है। शिकायत के प्रमुख बिंदु बिना अनुमति आयोजन 'आजाद कप' नाम से प्रचारित की जा रही इस क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मंडी सचिव या किसी अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा कोई अनुमति नहीं दी गई है। मंडी नियमों का उल्लंघन मंडी अधिनियम के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता के आयोजन का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। किसी शासकीय परिसर में इस तरह का व्यावसायिक आयोजन सट्टेबाजी की ओर इशारा करता है। सबूत संलग्न शिकायतकर्ता ने आवेदन के साथ आयोजकों के नाम और नंबर वाले प्रचार पोस्टर भी संलग्न किए हैं। शिकायतकर्ता रोहित सिंह पवार ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आयोजकों को मंडी परिसर में प्रतियोगिता न कराने की कड़ी चेतावनी दी जाए अथवा उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

प्रशासनिक जब्ती के बाद भी फिर शुरू हुआ अवैध निर्माण, हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पवित्र नर्मदा नदी के आंचल को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने के लिए दिए गए उच्च न्यायालय के सख्त आदेशों को नर्मदापुरम में सरेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है। शहर के कोरीघाट स्थित 'रिवर व्यू होटल' संचालक प्रशासनिक पाबंदियों और कानूनी नियमों को ताक पर रखकर एक बार फिर निर्माण में जुट गया है।

कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि नर्मदा तट से 300 मीटर के दायरे में किसी भी तरह का नया निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, लेकिन इसके बावजूद तट से महज 100 मीटर के भीतर और पास ही स्थित मंदिर परिसर के बाजू से धड़ल्ले से अतिक्रमण बढ़ाया जा रहा है। अधिकारियों की कार्रवाई का खौफ नहीं गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व ही नगर पालिका, एसडीएम और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर इस नियम विरुद्ध निर्माण को रुकवाया था।

स्थानीय नागरिकों का सीधा आरोप है कि प्रभावशाली नेताओं के संरक्षण के कारण ही होटल संचालक के हौंसले इतने बुलंद हैं कि उसे न तो अदालत का डर है और न ही प्रशासन का।

इस अवैध विस्तार से न केवल नर्मदा किनारे की जमीन कब्जाई जा रही है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी खतरे में है। स्थानीय लोगों ने एक बड़ा सवाल यह उठाया है कि इतने विशाल होटल रिसॉर्ट का सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम आखिर कहां डिस्चार्ज हो रहा है? कहीं इसका गंदा पानी चुपचाप मां नर्मदा की धारा में ही तो नहीं बहाया जा रहा? इस संबंध में रीना गुप्ता उपयंत्री, नगर पालिका ने कहा होटल में किसी भी प्रकार के निर्माण की कोई परमिशन नहीं दी गई है।

वहीं नगर पालिका सीएमओ वैभव देशमुख ने बताया कि नर्मदा किनारे निर्माण संबंधी कोई अनुमति जारी नहीं की गई है। संबंधित होटल संचालक को नोटिस भेजा जा रहा है और जो भी अवैध निर्माण किया गया है, उसे ध्वस्त किया जाएगा।

4 वर्ष पूरा कर चुके बीएसी और जनशिक्षकों को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विकासखंड अकादमिक समन्वयक बीएसी एवं जनशिक्षकों सीएसी की पद पूर्ति और काउंसलिंग प्रक्रिया को लेकर जिले में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। शासकीय शिक्षक संगठन स्कूल शिक्षा सेवा मध्य प्रदेश के संभागीय अध्यक्ष राजेश कुमार पांडे ने कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वय को ज्ञापन सौंपकर चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और नियमों का पालन करने की मांग की है।

गौरतलब है कि राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम द्वारा काउंसलिंग निरस्त कर दिया था।

संगठन की यह है मांगें प्रतिनियुक्ति की 4 वर्ष की सीमा और पद रिक्तता संगठन के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र और सामान्य प्रशासन विभाग के नियमानुसार प्रतिनियुक्ति की अधिकतम अवधि 4 वर्ष निर्धारित है। इसके बावजूद कई लोक सेवक पिछले 6 से 15 वर्षों से इन्हीं पदों पर जमे हुए हैं और स्वेच्छा से हटना नहीं चाहते। संगठन ने मांग की है कि ऐसे सभी लोक सेवकों को प्रतिनियुक्ति से मुक्त कर उनके मूल पदों पर वापस भेजा जाए तथा समस्त रिक्त पदों पर नए और पात्र लोक सेवकों को कार्य करने का अवसर दिया जाए।

मरोड़ा रोड पर वाहन जब्त, रायपुर में नदी का अस्थाई रास्ता तोड़ा

नर्मदापुरम। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध परिवहन और उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने मरोड़ा रोड पर रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए एक वाहन जब्त किया। जब्त वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए रामपुरगुर्रा थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी दौरान ग्राम रायपुर, तहसील नर्मदापुरम में जांच के दौरान नदी से रेत उत्खनन के लिए बनाए गए संभावित अस्थाई रास्ते को भी नष्ट किया गया। ग्राम रायपुर से ही पूर्व में 24 जुलाई 2026 एवं 01 अगस्त 2026 को अवैध परिवहन में जब्त की गई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के संबंध में पुलिस थाना देहात में एफ.आई.आर. दर्ज कराई जा चुकी है।

राष्ट्रप्रेम के संदेश के साथ छात्राओं व शिक्षकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

शास. एकीकृत कन्या उ. मा. विद्यालय
जुमेराती, नर्मदापुरम
आपका हार्दिक स्वागत करता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेराती द्वारा 'विशाल तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। हाथों में लहराते राष्ट्रध्वज, देशभक्ति के गीतों की गूंज और भारत माता के जयकारों के साथ यह यात्रा निकली। इस यात्रा ने संपूर्ण क्षेत्र को राष्ट्रप्रेम के रंग में सराबोर कर दिया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। विद्यालय परिवार ने इस माध्यम से समाज को एकजुट होकर राष्ट्रीय पर्व मनाने और हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने अनुशासन से हाथों में तिरंगा थामे तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारी भी शामिल हुए।

भूजल संकट से जूझ रहे गांवों को मिलेगा सतही जल का सहारा

जल जीवन मिशन 2.0 की समीक्षा बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उठाया नर्मदापुरम जिले का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत 'हर घर नल से जल' योजना की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने सक्रिय सहभागिता करते हुए नर्मदापुरम जिले में गहराते भूजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

सांसद नारोलिया ने बताया कि नर्मदापुरम जिले के सिवनीमालवा, केसला और पिपरिया विकासखंडों के 46 गांवों में भूजल स्तर लगातार प्रभावित हो रहा है। इन क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन तथा अपेक्षाकृत कम पुनर्भरण भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।

उन्होंने इस समस्या के स्थायी और तकनीकी रूप से उपयुक्त समाधान के लिए भूजल पर निर्भरता कम करने तथा नर्मदा नदी और प्रमुख जलाशयों के सतही जल पर आधारित 'समूह जल प्रदाय योजना' लागू किए जाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजना से इन गांवों की बड़ी आबादी को दीर्घकालिक जल सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सकती है।

सांसद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल हर घर तक नल पहुंचाना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार को नियमित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके लिए स्थानीय जल परिस्थितियों के अनुरूप दीर्घकालिक और टिकाऊ जलापूर्ति व्यवस्था विकसित करना आवश्यक है।

केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी से मिलीं सांसद, हुई अहम चर्चा

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन कार्यालय में भारत सरकार के केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने कुछ समय पूर्व उनकी माता चेन्नम्मा के देवलोकगमन पर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद नारोलिया ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी का कुशलक्षेम जाना और उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। भेंट के दौरान सांसद ने संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, औद्योगिक संवर्धन तथा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी मांगों और प्राथमिकताओं को लेकर केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया।

मूंग खरीदी को लेकर एसडीएम से मिले कांग्रेस नेता वडकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पवारखेड़ा स्थित सरकारी वेयरहाउस में पिछले तीन दिनों से मूंग की तुलाई न होने से परेशान किसानों ने युवा कांग्रेस के जिला महासचिव विशाल वडकुर से संपर्क कर अपनी समस्या बताई। जानकारी मिलते ही वडकुर मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। कृषि विभाग के उपसंचालक रविकांत सिंह और जिला विपणन अधिकारी अनिल जैन को लगातार सूचना देने के बावजूद जब समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो विशाल वडकुर किसानों को साथ लेकर सीधे एसडीएम कार्यालय पहुंच गए। एसडीएम कार्यालय में उन्होंने अधिकारियों को खरीदी एवं तुलाई में आ रही परेशानियों से अवगत कराया और तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। वडकुर ने कहा कि सूचना के बाद भी तीन दिनों तक किसानों को परेशान होना पड़े, यह प्रशासन की गंभीर लापरवाही है। उन्होंने किसानों के हित में जल्द से जल्द उचित कदम उठाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

किला खंडारा की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

बैतूल। किला खंडारा में घर से सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी चोरी करने के मामले का गंज पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों जय मालवी पिता गोकुल मालवी, उम्र 24 वर्ष, निवासी किला खंडारा एवं शुभम पिता सुनील यादव, उम्र 24 वर्ष, निवासी सुभाष वार्ड, हमलापुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर करीब 9 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात एवं चांदी के सिक्के बरामद किए गए हैं। 08 अगस्त को विवेक पिता राधिकाप्रसाद राठौर, उम्र 26 वर्ष, निवासी किला खंडारा, थाना गंज ने थाना गंज उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी उसके घर से सोने का मंगलसूत्र, कान के झाले, अंगूठी, लॉन्ग, दो जोड़ी पैर पट्टी, चांदी की बिछिया तथा 35,000 नगदी चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर थाना गंज में अपराध क्रमांक 250/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना गंज पुलिस द्वारा टीम गठित कर घटनास्थल, संदिग्ध व्यक्तियों एवं संभावित ठिकानों पर लगातार पतासाजी की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि किला खंडारा का एक युवक चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बेचने की नीयत से गांव में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जय मालवी पिता गोकुल मालवी, उम्र 24 वर्ष, निवासी किला खंडारा बताया। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने अपने साथी शुभम पिता सुनील यादव, उम्र 24 वर्ष, निवासी सुभाष वार्ड, हमलापुर के साथ मिलकर किला खंडारा में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात एवं चांदी के सिक्के, कुल अनुमानित कीमत करीब 9,00,000, बरामद किए गए। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय बैतूल के समक्ष पेश किया जा रहा है।

4 महीने से फरार आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

बैतूल। गंज थाना पुलिस ने ग्रीनसिटी चोरी के मामले में चार महीने से फरार चल रहे इनामी आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर करीब 3 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल 2024 को ग्रीनसिटी सेक्टर-बी निवासी गोविंदराव मोकलकर ने गंज थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर से दो मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठियां, दो जोड़ी कान के आभूषण, तीन जोड़ी चांदी की पायल, चांदी की मूर्ति और 75 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

गड्ढे और खुदी सड़क के कारण परेशान वाहन चालक

ठेका निरस्त, बनी सिर्फ एक किमी सड़क अब करना होगा सड़क निर्माण का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के कारगिल चौक से गाड़ाघाट होकर पुराने नेशनल हाईवे तक बन रही टू लेन सीसी रोड का ठेका लोक निर्माण विभाग ने निरस्त कर दिया है। कार्य में लेटलतीफी के चलते विभाग ने यह सख्त कदम उठाया है। हालांकि यह काम मार्च तक पूरा करना था, लेकिन ठेकेदार इस समय सीमा में काम नहीं कर पाया। काम की रफ्तार इतनी धीमी है कि कुल 2.70 किलोमीटर लंबी इस सडक़ में से ठेकेदार 5 माह बाद तक भी महज 1 किलोमीटर लंबी ही बना सका। अभी भी 1.70 किलोमीटर लंबी सडक़ का निर्माण होना है। ठेकेदार द्वारा जिस रफ्तार से काम किया जा रहा था, उससे अभी कई महीनों तक सडक़ का काम पूरा होने की कोई उम्मीद नहीं थी। बता दे कि बैतूल विधायक के प्रयासों से सबसे व्यस्ततम मार्ग कारगिल चौक से अखाड़ा चौक गाडाघाट होते हुए ओल्ड एनएच 69 तक 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए की लागत से 2.70 किमी सडक का निर्माण होना है। जिसके लिए विभाग ने चार माह पहले सडक़ की नपाई कर अतिक्रमण चिन्हित किये थे। इन अतिक्रमण के हटने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन निर्माण कार्य कछुआ चाल से किया गया। जिसका खामियाजा आमजनता को चुकाना पड़ रहा है। हालात यह है कि ठेकेदार ने एक तरफ कहीं-कहीं पर सडक़ बना दी और दूसरी तरफ सडक़ खुदी पड़ी है। ऐसे में यहां से आने-जाने वालों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी मेघनाथ चौक से बच्चा जेल की ओर करीब 200 मीटर लंबे हिस्से में हो रही है, जहां सडक की खुदाई कर दी गई थी। अब यह सडक़ अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे पूरी सडक़ पर आवागमन अव्यवस्थित हो गया है।

कार्य में प्रगति लाने कई बार दिए थे नोटिस

धीमी रफ्तार से चल रहे कार्य के कारण ही ठेकेदार को पूर्व में कई नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद कार्य की रफ्तार में कोई सुधार नजर नहीं आया। इसी के चलते लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री मनीष कुमार मरकाम ने सख्त कदम उठाते हुए ठेका निरस्त कर दिया है। हालांकि ठेका कंपनी ने उच्च कार्यालय में अपील की है, यदि यहां भी ठेकेदार को राहत नहीं मिली तो पुनः ठेका होगा। जिसमें करीब तीन-चार महीने लग जायेगे और तब तक लोगों को इस सडक़ पर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यहां सवाल यह उठता है कि विभाग द्वारा सख्ती तो दिखा दी गई लेकिन इस सख्त कार्रवाई पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। इसकी वजह यह है कि इस सडक़ पर अतिक्रमण की भरमार थी। विभाग कई महीनों तक यह अतिक्रमण ही नहीं हटवा पाया था। जिससे भी काम रफ्तार नहीं पकड़ पाया था। इसके अलावा बिजली के खंभे तो अभी तक भी नहीं हट पाए हैं।

बारिश के कारण खुदी सड़क पर भर रहा पानी

बारिश के कारण खुदी हुई सडक पर पानी भर रहा है और जगह-जगह कीचड़ फैल गया है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना हुआ है, जबकि चारपहिया वाहन भी उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण धीमी गति से चल रहे हैं। पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि सडक़ निर्माण नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से होना चाहिए, ताकि एक हिस्से का काम पूरा होने के बाद ही दूसरे हिस्से की खुदाई की जाए। लेकिन ठेकेदार द्वारा कहीं भी खुदाई कर दी जा रही है और कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर भी अनदेखी का आरोप लगाया है।

इनका कहना है...

बारिश के कारण जहां-जहाँ गड्ढे हो गए हैं और पानी भरा है, वहां गिट्टी-मुरम डलवाई जा रही है। पुराने ठेकेदार की लगभग एक सप्ताह बाद उच्च कार्यालय में सुनवाई है। उसके आधार पर फिर उसके बाद आगे की प्रक्रिया चालू कर दी जाएगी।

- **मनीष मरकाम**, ईई, पीडब्ल्यूडी बैतूल

पांच वार्डों से गुजरती है सड़क

उल्लेखनीय है कि 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अखाड़ा चौक होते हुए गाड़ाघाट ओल्ड एनएच तक 2.70 किमी की सडक नपा बैतूल के महावीर, चंद्रशेखर, प्रताप, इंदिरा एवं अम्बेडकर वार्डो से गुजरती है। इसके अलावा शहर के उक्त व्यस्ततम मार्ग में लिंक रोड पर बडी संख्या में हॉस्पीटल, मेडीकल स्टोर्स, बडे स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थित है। साथ ही अखाड़ा चौक टिकारी में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थित है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का मूवमेंट अधिक होने से अक्सर ट्रैफिक रहता है। इस अतिव्यस्तम सडक निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। लेकिन निर्माण की धीमी गति के कारण अब लोगों में नाराजगी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जितनी सडक बनाई जानी है, उतनी की ही खुदाई करनी थी, लेकिन ठेकेदार ने खुदाई करने के बाद सडक़ जस की तस छोड़ दी है। जिससे बारिश में पानी भर गया है और कीचड़ हो गया है।

10 मीटर चौड़ी बनना है सड़क

कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। कुल 2140 मीटर हिस्से सीसी रोड और 560 मीटर हिस्से में डामरीकृत सडक़ बनेगी। सडक की चौड़ाई बढने से वाहन चालकों को आवागमन में फायदा मिलेगा। इटारसी रोड गाड़ाघाट से सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सडक से आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सडक़ के बनने से फायदा होगा। बताया जा रहा है कि यहां अब तक डामर सडक है, इसकी जगह पर करीब 7 करोड़ की लागत से दो किमी लंबी सीसी सडक बनाई जायेगी। इसमें बीच में कुछ हिस्सा डामर सडक का रहेगा।

बैतूल को मिलेंगी स्पेशल ट्रेनें

बैतूल। जिले को जल्द ही तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा मिलेगी। रेलवे मंत्रालय ने इन ट्रेनों को शुरू करने के लिए पत्र जारी किया है। इनमें बेंगलुरु-लालकुआं, धनबाद-कोयंबटूर और चर्लपल्ली (हैदराबाद)-रीवा स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। हालांकि, इनके संचालन की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे के अनुसार, ट्रेन क्रमांक 15301 बेंगलुरु-लालकुआं स्पेशल मंगलवार को बेंगलुरु से चलेगी और बुधवार को बैतूल पहुंचेगी। बैतूल जिले में इसका ठहराव केवल बैतूल स्टेशन पर होगा। वापसी में, ट्रेन क्रमांक 15302 लालकुआं-बेंगलुरु स्पेशल शनिवार को लालकुआं से चलकर रविवार को बैतूल पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन क्रमांक 22363 धनबाद-कोयंबटूर एक्सप्रेस शनिवार को धनबाद से रवाना होकर रविवार को बैतूल पहुंचेगी। वापसी में, ट्रेन क्रमांक 22364 कोयंबटूर-धनबाद एक्सप्रेस मंगलवार को कोयंबटूर से चलेगी और बुधवार को बैतूल पहुंचेगी। इन दोनों ट्रेनों का भी जिले में एकमात्र ठहराव बैतूल स्टेशन पर निर्धारित किया गया है। तीसरी जोड़ी ट्रेन क्रमांक 20157 चर्लपल्ली-रीवा एक्सप्रेस और 20158 रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस है। चर्लपल्ली से चलने वाली ट्रेन सोमवार को रवाना होकर मंगलवार को बैतूल पहुंचेगी। इसका ठहराव आमला, बैतूल और घोड़ाडोंगरी में रहेगा। वहीं, रीवा से रविवार को चलने वाली ट्रेन सोमवार को बैतूल पहुंचेगी और इसका भी ठहराव आमला, बैतूल और घोड़ाडोंगरी में होगा। रेलवे मंत्रालय द्वारा पत्र जारी होने के बाद अब यात्रियों को इन ट्रेनों के आधिकारिक संचालन की तारीखों की घोषणा का इंतजार है।

जिला अस्पताल का बंद विश्रामालय खुला

50 रुपए में मिलेगी मरीजों के परिजनों को ठहरने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए बनाए गए विश्रामालय आखिरकार खुल गया। जिससे मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को राहत मिलेगी। बता दे कि जिला अस्पताल परिसर में 84.98 हजार रूपये की लागत के विश्रामालय का निर्माण किया है, लेकिन लोकार्पण के बाद भी विश्रामालय में ताला लटका हुआ था। जिसकी खबर हरिभूमि समाचार पत्र में विगत 11 अगस्त को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी।

खबर को संज्ञान लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे को शीघ्र विश्रामालय शुरू करने के निर्देश दिये। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने विश्रामालय को मरीजों के परिजनों के लिए खोल दिया है। अब जिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों को रात गुजारने के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। 30 बिस्तरों वाले इस विश्रामालय में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 50 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। यहां ठहरने वालों को पलंग, गद्दे और कंबल उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा शौचालय और स्नानघर की सुविधा भी रहेगी। विश्रामालय में रुकने वाले परिजनों को निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। हालांकि यहां भोजन और नाश्ते की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। इसके लिए मरीजों के परिजनों को स्वयं व्यवस्था करनी होगी। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि शुरुआती स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के आधार पर व्यवस्था शुरू की गई है। विश्रामालय के संचालन के लिए फिलहाल अस्पताल के तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार निर्धारित की जाएगी।



अस्पताल परिसर में 84.98 लाख से बना विश्रामालय, संचालन के अभाव में बना औपचारिक

बंद विश्रामालय के सामने रुकने को मजबूर मरीज और उनके परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं मरीज

इनका कहना है...

भवन तैयार, लोकार्पण भी, लेकिन संचालन शुरू नहीं

विश्रामालय भवन होने के बाद भी इधर-उधर काट रहे रातें

लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिल रहा इसका फायदा

इनका कहना है...

विधायक के निर्देश के बाद विश्रामालय को मरीजों के परिजनों के लिए खोल दिया है। 50 रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से चार्ज लिया जाएगा। मरीज के परिजन यहां ठहर सकते हैं। अभी प्रारंभिक व्यवस्था के लिए तीन कर्मचारियों को तैनात किया है।

-**डॉ जगदीश घोरे**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

आज शोभापुर और सारनी में निकलेगी तिरंगा रैली

स्कूली बच्चों ने लिखे निबंध, उकेरे चित्र

सारनी। हर-घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। अभियान के तहत सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर एवं बगडोना के विभिन्न स्कूलों में चित्रकला एवं निबंध स्पर्धा हुई। अभियान के तहत गुरूवार 13 अगस्त को शोभापुर एवं सारनी में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। हर-घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र में रोजाना कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य ने बताया कि नगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में बच्चों की चित्रकला, निबंध एवं भाषण स्पर्धा हुई। मंगलवार एवं बुधवार दो दिनों तक सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर कॉलोनी एवं बगडोना क्षेत्र के स्कूलों में कार्यक्रमों के आयोजन हुए। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समापन पर पुरस्कृत किया जाएगा। स्कूलों में हुए कार्यक्रमों का संचालन रंजीत डोंगरे, निराकार सागर, कामदेव सोनी एवं आईसीई सदस्यों ने किया।

आज देशभक्ति तरानों के साथ निकलेगी तिरंगा यात्राः नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा देशभक्ति तरानों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। शोभापुर कॉलोनी के पी.एम.श्री हायर सेकंडरी स्कूल से यात्रा सुबह 10.30 बजे यात्रा प्रारंभहोकर गायत्री मंदिर, अंबेडकर चौक, एसबीआई, सुपर मार्केट होते हुए वापस स्कूल पहुंचेगी। इसी तरह दोपहर 1 बजे सारनी के जय स्तंभ चौक से यात्रा प्रारंभ होकर केंद्रीय विद्यालय, अंबेडकर प्रतिमा शॉपिंग सेंटर से होती हुई शहीद स्मारक बस स्टैंड के सामने पहुंचेगी। दोनों ही स्थानों पर राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय गायन होगा।

नपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ देखी स्वच्छता व्यवस्था

सारनी। शहर की सफाई व्यवस्था की पड़ताल करने के लिए बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे अधिकारियों की टीम के साथ वार्डों में पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डों की सफाई एवं नालियों की व्यवस्था देखी। नालियों में कचरा होने पर उन्होंने तत्काल इन्हें साफ करने के निर्देश दिए। शहर में सफाई व्यवस्था में सुधार करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष व अधिकारियों की टीम सतत निगरानी कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपयंत्री रविंद्र वराठे एंव कमलेश पटेल सहित अन्य टीम ने वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 11 में नालियों में कचरा भरा मिला। यहां उन्होंने नाराजगी जताई एवं तत्काल इसे साफ कराया। इसी तरह अन्य वार्डों में भी उन्होंने अपने सामने सफाई कार्य कराए। उन्होंने सफाई पर्यवेक्षक एवं सुपरवाइजरों को वार्डों की नालियों की सफाई कर मच्छररोधी पाउडर छिड़काव करने के निर्देश दिए। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य ने बताया कि बारिश में खरपतवार के कारण मच्छरों की रोकथाम जरूरी है। इसकी रोकथाम के निर्देश दिए।

बेहतर अधोसंरचना व आवासीय सुविधाएं मिलेंगी

10.68 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए सुविधाओं के विस्तार की दिशा में 10.68 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन गुरुवार 13 अगस्त को किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई, बैतूल में आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय आईटीआई में 60 सीटर बालक छात्रावास तथा शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में 6 ट्रेड आधुनिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इन निर्माण कार्यों से जिले के तकनीकी शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में सांसद दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, नपा अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विधायक श्री खंडेलवाल के प्रयासों से 10.68 करोड़ रुपये के इन विकास कार्यों से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना मजबूत होने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने की उम्मीद है।

बिजली लाइन की गुणवत्ता पर सवाल

विद्युत पोल गिरने से भैंस की मौत, किसान बाल-बाल बचा

मुलताई। एक ओर विद्युत विभाग बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर मुलताई क्षेत्र में जर्जर और लापरवाहीपूर्ण विद्युत व्यवस्था के कारण हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में बिरूल क्षेत्र में बिजली का पोल एक मकान पर गिरने से मवेशियों की मौत का मामला सामने आया था। अब इसी तरह की एक और घटना दुनावा मार्ग स्थित ग्राम लीलाझर में हुई, जहां बुधवार सुबह बिजली का खंभा अचानक गिरने से एक भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। इस हादसे में किसान भी बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लीलाझर निवासी कारू कौशिक अपनी भैंस को खेत के पास चरा रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली का खंभा तारों सहित नीचे गिर गया। खंभा गिरते ही बिजली के तार जमीन पर फैल गए और पास में चर रही भैंस उनकी चपेट में आ गई। करंट लगने से भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उस समय किसान भी वहीं मौजूद था, लेकिन वह किसी तरह बिजली के तारों की चपेट में आने से बच गया। यदि किसान भी करंट की चपेट में आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। किसान कारू कौशिक ने बताया कि मृत भैंस की कीमत लगभग 95 हजार रुपये थी। इस दुर्घटना से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और उन्होंने बिजली विभाग से उचित मुआवजा देने तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। गौरतलब है कि मुलताई क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों के दौरान स्थापित की गई विद्युत लाइनों और पोलों की गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। बिजली के खंभे गिरने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई स्थानों पर ऐसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले में न तो गंभीर जांच हुई और न ही निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों अथवा विद्युत लाइन की देखरेख के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है।

नशा मुक्त जागरुकता एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन

नशे से दूर, भविष्य की ओर.. विद्यार्थियों ने ली नशामुक्त जीवन जीने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के सनराइज स्कूल में नशा मुक्त जागरूकता एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के चिकित्सा प्रभाग के सहयोग से संचालित 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ और व्यसनमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की प्रतिनिधि स्वाति दीदी एवं उर्मिला दीदी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। वक्ताओं ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति सामाजिक मूल्यों को कमजोर करती है और कई बार अपराध तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का कारण बनती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की ओर से संबोधित करते हुए एडॉन ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिसका प्रभावी ढंग से मुकाबला सामाजिक स्तर के साथ-साथ विद्यालय स्तर पर जागरूकता के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कम उम्र से ही नशे के नुकसान और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ, मूल्य आधारित एवं व्यसनमुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्था संचालक अरुण यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के भविष्य की आधारशिला है। यदि विद्यार्थी नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर सकारात्मक सोच, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं, तो वे अपने परिवार और समाज के साथ-साथ देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन जीने तथा विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशे के प्रति जागरूक करने प्रतिज्ञा दिलाई।

10 करोड़
नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान
विकसित भारत की ओर एक सशक्त कदम

शासकीय आईटीआई बैतूल में 154 रिक्त सीटों पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 16 अगस्त तक

बैतूल। कौशल विकास संचालनालय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 के लिए आईटीआई में प्रवेश के लिए अंतिम एवं महत्वपूर्ण ओपन कन्वर्जन राउंड की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल के प्राचार्य ने बताया कि मध्य प्रदेश के शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 12 अगस्त से 16 अगस्त 2026 तक आधिकारिक प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, नवीन चॉइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार कर सकते हैं। संस्थान में वर्तमान में विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी ट्रेड्स में कुल 154 सीटें रिक्त हैं, जिन पर मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड कारपेंटर की कुल रिक्त सीटें 26, ट्रेड वेल्डर 21 है, जिसमें न्यूनतम योग्यता 8वीं उत्तीर्ण है। इसके अलावा केवल कक्षा 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए इलेक्ट्रीशियन एनसीवीटी की रिक्त सीटें 2, फिटर एनसीवीटी 2, फिटर एससीवीटी की 2, सीटें हैं।

पर्यावरण बचाने प्रशासन की नई पहल

पर्यावरण को बचाने की जंग: 'जलगली' में किए विशेष इंतजाम, लगाए लोहे के पोल


कृपया अपने उतारे हुए कपड़े निर्धारित स्थान पर ही बांधे/ रखे जावे।
कृपया तुमचे काढलेले कपडे निश्चित केलेल्या ठिकाणीच बांधाअणि ठेवा
आदेशानुसार प्रबन्धन स-टा-रि. नर्मदापुरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

पचमढी मे नागद्वारी मेला प्रारंभ है यात्रा के दौरान 'जलगली' जैसे संकरे और खतरनाक मोड़ों पर श्रद्धालु मन्नत के नाम पर कपड़े फेंकते या बांधते थे, जिससे सतपुड़ा के ईको-सिस्टम को गहरा नुकसान पहुंच रहा था। इसी बात को देखते हुए वन विभाग ने इस वर्ष एक नया तरीका ढूंढ निकाला। जिस से की आस्था का सम्मान रखते हुए पर्यावरण को भी बचाया जा सके।

वन विभाग ने इस बार कपड़े एकत्र करने के लिए लोहे के पाइप ओर एंगल पोल लगाए हैं, ताकि भक्त वहीं कपड़े बांधें और उन्हें सुरक्षित तरीके से डिस्पोज़ किया जा सके। जिससे की आने वाले समय मे पर्यावरण और जलस्त्रोतों को किसी प्रकार का नुकसान न हों। साथ ही STR प्रशासन लगातार श्रद्धालुओं से जंगल में प्लास्टिक न फैलाने और प्रकृति की मर्यादा बनाए रखने की अपील भी कर रहा है साथ ही प्रति दिन मेला क्षेत्र से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं को एकत्र कर कचरा वाहन से डंप प्वाइंट पर भेज रहे हैं।

कांग्रेसियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मूंग के समर्थन मूल्य पर खरीदी, कोटा बढ़ाने और खाद वितरण की अव्यवस्थाओं को लेकर हुए किसान आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में बुधवार को कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मुलाकात की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि सिवनी मालवा सहित अन्य स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे कांग्रेसियों पर दर्ज मामले तत्काल वापस लिए जाएं। पांडेय ने कहा कि किसानों की समस्याएं उठाना आम नागरिकों का अधिकार है और शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर कार्रवाई करना पूरी तरह गलत है। ज्ञापन सौंपने के बाद एसपी और कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि मामले की उचित जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ओम सेन, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण रघुवंशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे सहित कई अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

रामचरित मानस का किया पाठ

पिपरिया। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की विभिन्न समाज सेवी संस्था के सदस्यों को साथ लेकर लगातार लगभग 20 वर्षों से संचालित नटटी रामायण का संचालन किया जा रहा है। जिसमें राजाखेड़ी लांजी बीजनबाडा सहित अन्य सभी आसपास के लोगो के साथ सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति में नटटी रामायण का पाठ्यक्रम चल रहा है। इस बार हरियाली अमावस्या पर बीजनबाडा ग्राम पंचायत माधुरी पंचम सिंह बैंकर के कुबेर पैलेस में आयोजित किया गया।

विधायक ने की मुख्यमंत्री से भेंट

सोहागपुर। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने गत दिवस मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान विधायक सिंह ने सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास एवं जनकल्याण कारी कार्यों सहित विधानसभा के विकास विषय पर चर्चा की।

वन्यप्राणी चिकित्सादल प्रोटोकाल अनुसार पीएम कर भेजा सैंपल

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में हाथियों में हुआ संघर्ष, मादा हाथी स्मिता की जान गई

सतपुडा टाइगर रिजर्व में कथित रूप से हाथियों के आपसी संघर्ष में मादा हाथी स्मिता की मृत्यु हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुडा टाइगर रिजर्व में कथित रूप से हाथियों के आपसी संघर्ष में मादा हाथी स्मिता की मृत्यु हो गई। स्मिता के शव का प्रोटोकॉल अनुसार मंगलवार को पोस्टमार्टम कर शाम को अंतिम संस्कार किया गया है।

आपसी संघर्ष में गई जान

जानकारी अनुसार अंतर्गत वन परिक्षेत्र चूरना के कक्ष क्रमांक 190 बीट मल्लूपुरा में नौ अगस्त 2026 की रात हाथियों को कोर जंगल में छोड़ा गया। 10 अगस्त 2026 को हाथियों के कैम्प में लौटने पर 46 वर्षीय मादा हाथी स्मिता के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। उसे प्राथमिक उपचार व आवश्यक फर्स्ट एड दिया गया। उपचार पश्चात मादा हाथी स्मिता की गतिविधियां एवं भोजन ग्रहण करना सामान्य था।

लेकिन 10 अगस्त की शाम स्मिता अचानक गिर गई और उसकी मृत्यु हो गई। घटना से सकते में आए प्रबंधन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो जानकारी सामने आई कि स्मिता का नर हाथी कृष्णा सेसंघर्ष हुआ था। इस संघर्ष में स्मिता के घायल होने की संभावना सामने आई। मृत्यु के वास्तविक कारणों की वैज्ञानिक पुष्टि के लिए 11 अगस्त 2026 को प्रोटोकॉल अनुसार वन्यप्राणी चिकित्सा दल ने पीएम कर वैज्ञानिक नमूने संकलित तथा संरक्षित किए। जानकारी अनुसार साक्ष्यों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

हाथी स्मिता को पोस्टमार्टम के बाद दी भावुक विदाई

मादा हाथी स्मिता के शव के पोस्टमार्टम एवं सैंपलिंग के बाद उसे पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एसटीआर में वर्षों से कार्यरत मैदानी कर्मचारी भावुक थे, जिन्होंने वन तथा वन्यजीव संरक्षण गतिविधियों में स्मिता की दक्षता को कई बार प्रत्यक्ष अनुभव किया था। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह तथा भस्मीकरण कार्यवाही की गई। मुख्य वन संरक्षक वन वृत नर्मदापुरम् अशोक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने कार्यवाही पूर्ण की। इस दौरान डीडी ऋषिभा नेताम, डॉ. गुरुदत्त शर्मा एसटीआर वन्यप्राणी चिकित्सक, डॉ. प्रशांत देशमुख वन्यप्राणी संरक्षण ट्रस्ट भोपाल एवं एनटीसीए प्रतिनिधि, डॉ. निधि राजपूत पशु चिकित्सक स्कूल ऑफ फॉरेन्सिक एण्ड हेल्थ जबलपुर, डॉ. हमजा फारुखी वन्यप्राणी संरक्षण ट्रस्ट भोपाल, यशोदा यादव सरपंच धपाड़ा, दिलीप सिंह परते तहसीलदार केसला उपस्थित थे।

निजी क्लीनिक तथा गोल्ड लोन बैंक में चोरी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में पुलिस की नाकामी व चोरों के बढ़ते हौसले का एक और प्रमाण बुधवार को सामने आया। जब एक व्यापारिक कांप्लेक्स में संचालित क्लीनिक व गोल्ड लोन बैंक में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात चोरी का प्रयास किया गया है। जानकारी अनुसार स्टेट हाईवे किनारे कोर्ट चौराहे के पास छाबड़िया कांप्लेक्स में एक क्लीनिक व मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक है। पूजा मेडिकल स्टोर मालिक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में एक नकाबपोश कैद हुआ जो रात 2.17 बजे आया व प्रथम तल पर सीढ़ियों से पहुंचकर मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी के मुख्य द्वार का ताला तोड़ने की कोशिश की।

सफलता नहीं मिली तो उसने भूतल पर क्लीनिक का ग्लास गेट तोड़कर अंदर चोरी की कोशिश की। लेकिन कुछ भी नहीं मिला है तो क्लीनिक के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर को क्षति देकर रात करीब 2.45 बजे वह चला गया। फुटेज में नजर आया कि नकाबपोश ने हाथों में सर्जिकल ग्लब्स की तरह दास्ताने पहन रखे थे।

आया स्निफर डॉग

मामले में पीड़ित पक्ष की सूचना के बाद पुलिस ने मौके की जांच की। नर्मदापुरम् से फॉरेंसिक टीम व स्निफर डॉग आए। डॉग सिविल कोर्ट चौराहे से रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित एसबीआई, केनरा बैंक, बैंक आफ इंडिया तथा नर्मदापुरम् मार्ग स्थित न्यू एसबीआई व पीएनबी तक पहुंचा। फिर बैंकों तक भ्रमणकर घटनास्थल वापस आ गया। वहीं फोरेंसिक टीम ने क्लीनिक तथा मणप्पुरम बैंक के दरवाजों से फिंगर प्रिंट एकत्र किए हैं।

एकत्र कर रहे साक्ष्य

चोरी के प्रयास की रिपोर्ट हुई है। फॉरेंसिक टीम व स्निफर डॉग भी बुलवाए थे। तकनीकी साक्ष्य जुटा रहे हैं, ताकि चोरों को पकड़ा जा सके।
गिरीश त्रिपाठी, टीआई सोहागपुर।

सतपुड़ा के कोर एरिया में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

सतपुड़ा के सबसे दुर्गम और घने जंगलों से होते हुए पचमढ़ी के प्रसिद्ध नागपंचमी मेले में लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। चारों तरफ से घने पेड़ों, गहरी खाइयों और वन्यजीवों से घिरे इस 'कोर ज़ोन' में भगवान शिव के जयकारों की गूंज है। इस बीच, रोमांच और आस्था के इस महासंगम को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (STR) का अमला हाई-टेक एक्शन मोड में उतर आया है। STR के जाबांज़ फॉरेस्ट गाड्र्स को 'बॉडी वॉन कैमरों' से लैस किया गया है, ताकि घने जंगलों के बीच हर एक हलचल और भीड़ की गतिविधियों पर सीधी निगरानी रखी जा सके।

आदिवासी संगठन ने पारंपरिक वेशभूषा में निकाली रैली, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी संगठन ने नगर के प्रमुख मार्गो से रैली निकाली डीजे और ढोल बजाते हुए आदिवासी पुरुष और महिला पारंपरिक वेशभूषा में रैली में शामिल हुए और अपने अधिकारों के प्रति नारेबाजी की रैली में कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल का आदिवासी संगठन की ओर से शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

रैली में पुष्पराज पटेल शामिल हुए उनके साथ संजय अहिरवार जीतू चौधरी और आदिवासी संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता महिलाएं बच्चे शामिल हुए जो तहसील कार्यालय पहुंचे पहुंचकर तहसीलदार को आदिवासियों की समस्याओं के निराकरणज्ञापन सोप ज्ञापन में मांग की गई है खकपूरा डंगपुरा में आदिवासियों की जमीन वन विभाग द्वारा छीनी गई है ग्रामीणों को जमीन वापस दिलाई जाए बिजली की व्यवस्था की जाए बर्रापुरा में रोड नहीं है रोड बनवाया जाए ग्राम बुधवाडा में खराब सड़कों की मरम्मत की जाए शमशान घाट की व्यवस्था की जाए अनेक ग्रामों में आदिवासियों की जमीन पर अन्य लोगों का कब्जा है। उनसे कब्जा मुक्त करा कर आदिवासियों को दी जाए जावली में सड़कों की मरम्मत की जाए। संगठन ने कहा है कि अगर अति शीघ्र हमारी समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा।

रात्रि में वेयरहाउस परिसर में खड़े कराए जा रहे हैं ट्रैक्टर ट्राली

माखन नगर। क्षेत्र में मूंग उपार्जन का कार्य चल रहा है कई जगह शिकायत भी आ रही है तो कई जगह वेयरहाउस संचालक खुद आगे आकर व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हुए हैं नर्मदा पुरम पिपरिया हाईवे पर बुधवाड़ा में मिनेश वेयर हाउस में 7 अगस्त से उपार्जन प्रारंभ हुआ है अभी तक साढ़े चार हजार कुंतल मूंग की तूलाई हो चुकी है वृहताकार समिति की समिति प्रबंधक श्वेता ने बताया पहले दिन व्यवस्थाओं में बनाने में समय लग गया उसके बाद सुचारू रूप से 10 तोल कांटे लगाकर किसानों की मूंग की तुलाई की जा रही है वेयरहाउस में गऊघाट से आए किसान बालमुकुंद शर्मा ने बताया वेयरहाउस परिसर में हमारी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कराई गई है हमने ग्रेडिंग कराकर मुंग लेकर आए थे तूलाई में कोई परेशानी नहीं हुई नया गांव के गोपाल पाल आंचल खेड़ा के गणेश चौबे ने बताया तीन दिन पहले ट्रैक्टर ट्राली लेकर आए थे आज हमारी तौल शुरू हो गई है वही मीनेश वेयरहाउस के संचालक अंकित मीना ने बताया लगातार अधिकारियों के निरीक्षण और निर्देशों का पालन किया जा रहा है किसानों को कोई परेशानी ना हो साथ में यातायात बाधित ना हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है दिन में जो ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे खड़ी रहती है रात्रि मेंउन सभी ट्रैक्टर ट्रालीयो को वेयरहाउस परिसर में खड़े कराए जा रहे हैं।

कालेज के विधार्थियों ने दिया देशप्रेम का संदेश

हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली, थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन

राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वयं से पहले आप (Not Me But You)
मेरा युवा भारत
माखनलाल चतुर्वेदी शास. महाविद्यालय माखननगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के आदेशानुसार तथा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर जिला नर्मदापुरम में हर घर तिरंगा अभियान एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,खेल विभाग एनसीसी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के मार्गदर्शन में किया गया तिरंगा यात्रा भारत माता की जय,वंदे मातरम के जय घोष के साथ प्रारंभ हुई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

थाना प्रभारी हुई सम्मलित

यात्रा में माखन नगर की थाना प्रभारी ने भी सम्मिलित होकर छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया, यात्रा में डॉ.आई .एस.कनेश, डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ.कविता दुबे, डॉ.राजकुमार पटवा, डॉ.मनीष शर्मा, के साथ समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे ।

बागरा के पीएम श्री विद्यालय में निकाली भव्य तिरंगा रैली

माखननगर। माखन नगर ग्राम बागरा में शा पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें मण्डल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी , मंडल उपाध्यक्ष संतोष परसाई सुरेश यादव, सरपंच विशाल मालवीय, प्राचार्य बीके राजपूत , रमेश यादव, मुकेश वर्मा सहित ग्राम के गणमान्य नगरिक सम्मिलित हुए। हर घर तिरंगा अभियान" को लेकर नागरिकों में अभूतपूर्व उत्साह एवं उमंग देखने को मिल रही है। तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान तथा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति के संकल्प के तिरंगा रैली निकाली गई

पिपरिया के स्कूलों में निकाली गई तिरंगा यात्रा

13 Aug Page
13 Photo 13

पिपरिया। सांदीपनि,आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय के साथ शहीद भगत सिंह कालेज के द्वारा सामूहिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्राचार्य संजीव दुबे सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र के साथ कालेज के प्राचार्य डॉ राजीव माहेश्वरी उपस्थित रहे।

विधायक हुए शामिल

कार्यक्रम में विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल पार्षदों कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी वर्ग विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी भी आर सी प्रदीप शर्मा प्राचार्य संजीव दुबे सहित लगभग 900 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया गया। इसके साथ ही पी एम श्री विद्यालय हतवास के द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। प्राचार्य नरेंद्र तंतुवाय प्रीतम सिंह पुरुविया रामप्रकाश चौबे सहित छात्राओं छात्राए उपस्थित रही। कालेज के सभी प्रोफेसर की उपस्थिति रही।

जलभराव स्थल पर किया गड्ढों का गिट्टी से पुराव, बारिश में फिर धंस जाएगी गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने जलभराव समस्या है। प्रशासन गिट्टी से गड्ढों का पुराव करवाता है। लेकिन गड्ढों में गिट्टी धंसने से पुनः गहरे बड़े गड्ढे सड़क पर बनते हैं व आवाजाही बाधित होती है। पिछले दिनों प्रशासन ने गिट्टी गड्ढों में डलवाई थी।

लेकिन बारिश दौरान गिट्टी गड्ढों में गुम हो गई। मंगलवार को प्रशासन ने पुनः बड़े साइज की गिट्टी गड्ढों में डलवाई है। नागरिकों का कहना है कि यह गिट्टी भी गुम होगी, क्योंकि डामर उखड़ने से नीचे की मिट्टी ऊपर आ गई है। वाहनों के भारी दबाव के चलते गिट्टी गड्ढों में ही धंसकर गायब हो जाती है। परिणाम स्वरूप जलभराव समस्या पुनः बनती है। जनता ने मामले में प्रशासन, सत्ता पक्ष व विपक्ष की खामोशी पर सवाल खड़े किए हैं।

उल्लेखनीय है कि मप्र सड़क विकास निगम सहायक प्रबंधक कार्यालय से जून 2026 में विभाग को एक प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव सोहागपुर में स्टेट हाईवे के जलभराव स्थल की सड़क एक फीट ऊंची करने का है। साथ ही लगभग 400 मीटर लंबी सीमेंट रोड बनाने का भी प्रस्ताव पत्र में है। दो माह से प्रस्ताव भोपाल राजधानी में धूल खा रहा है। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिले तो तालनुमा स्थल पर एक

फिट ऊंची सीमेंट रोड बन सकती है। इससे स्थाई समाधान होगा। नागरिकों के अनुसार सीएम राइज़ स्कूल की ओर के पानी की निकासी सड़क के नीचे बनी दो दशक पुरानी पुलिया से की जाए।

अन्यथा सड़क ऊंची करने पर भी जलभराव समस्या बनी ही रहेगी।

कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)
Municipal Council Pipariya Distt- Narmadapuram
पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया फोन नं. 07576-222041 पिन-461775
EMail-cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./ 2026/615
ई- निविदा आमंत्रण सूचना
पिपरिया दिनांकः- 12.08.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.	निविदा क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_528817_1 NIT NO.605 DATE 11.08.2026	नगर पालिका पिपरिया में प्रस्तावित तथा भविष्य में प्रस्तावित होने वाले सलाहकार / कन्सल्टेंट संबंधी कार्य।	1. 12 माह 2. 40,00,000/-	1- 5000/- 2- 30000/-	11-09-2026 05:30 PM
2	2026_UAD 528886_1 NIT NO.606 DATE 11.08.2026	निकाय क्षेत्रांतर्गत पचमढ़ी बस स्टैण्ड पर बन रहे शिव धाम के पार्क में पेड़-पौधे लगाने हेतु क्यारी, फुब्बारा आदि सौंद्रीयकरण निर्माण कार्य।	1. 06 माह 2. 33,78,937/-	1- 5000/- 2- 25342/-	11-09-2026 05:30 PM
3	2026_UAD_528892_1 NIT NO.607 DATE 11.08.2026	निकाय क्षेत्रांतर्गत तिलक वार्ड स्थित बी.जे. पी. कार्यालय के सामने रोड किनारे की ओर सौन्द्रीकरण कार्य। (तृतीय निविदा)	1. 06 माह 2. 8,87,908/-	1- 2000/- 2- 8880/-	18-08-2026 05:30 PM

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)

खबर संक्षेप

हरदा में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

हरदा। जिले में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का जिला स्तरीय मुख्य समारोह गरिमामय एवं उत्सवी वातावरण में आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर हरदा में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। समारोह में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे तथा बधाई संदेश का वाचन करेंगे।स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा परेड का आयोजन होगा। समारोह में विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों तथा उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

रोजगार मेला युवा संगम आज लगेगा

हरदा। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 13 अगस्त को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

24 घंटों में जिले में 32.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 32.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 17.8 मि.मी., टिमरनी में 38.4 मि.मी., खिरकिया में 36 मि.मी., सिराली में 48.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 21 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 597.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 624.9 मि.मी., टिमरनी में 618.7 मि.मी., खिरकिया में 679.4 मि.मी., सिराली में 537.9 तथा रहटगांव में 525.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 12 अगस्त तक 649.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

कल सोनतलाई में लगेगा शिविर

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत हरदा जिले में प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है। इसी क्रम में हरदा विकासखण्ड के ग्राम सोनतलाई में कल 14 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ग्राम सोनतलाई, बिछौलामाल, छिड़गांव, धनगांव, नीमगांव, सामरधा, उंवा, हनिफाबाद, कचबैड़ी, करनपुरा, पचौला, पांचातलाई, जामलीदमामी व नीलगड़ दमामी के ग्रामीण शामिल होंगे। इसके बाद टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम करताना में 21 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा।

युवक ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

हरदा। छीपाबड़ थाना क्षेत्र के बमनगांव में एक युवक ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। युवक की पहचान ओमप्रकाश (25) के रूप में हुई है। वह मजदूरी करता था। बुधवार सुबह ओमप्रकाश ने जहर खा लिया। उसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां दोपहर करीब 12 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले ओमप्रकाश का पत्नी से घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उसकी पत्नी दो साल के बेटे और दो महीने की बेटी के साथ करीब आठ दिन पहले मायके चली गई थी।

सिटी कोतवाली पुलिस ने रूटीन चेकिंग के दौरान की कार्रवाई

ग्राहक का इंतजार कर रहे तस्कर को 2 किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

सिटी कोतवाली पुलिस ने बुधवार शाम रूटीन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 2 किलो 20 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को ग्राम छोटी हरदा के पास एक पुल के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला था।

पुलिस के अनुसार वह किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पूछताछ के दौरान घबराने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिसमें दो थैलियों से गांजा बरामद हुआ। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि बुधवार शाम पुलिस टीम रूटीन गश्त और चेकिंग पर थी। इसी दौरान ग्राम छोटी हरदा के पास एक पुल के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं। वह वहां किसी ग्राहक के आने का इंतजार करता हुआ नजर आ रहा था। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उससे पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान वह घबराने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके पास मौजूद दो थैलियों से 2 किलो 20 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह गांजा शिवपुर से लेकर आ रहा था। गांजा बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब इस मामले में गांजा कहां से लाया गया और इसे आगे किसे दिया जाना था, इसकी भी जांच कर रही है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान मुकेश पिता देवीलाल माली, उम्र 48 वर्ष, निवासी छीपाबड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से बरामद 2 किलो 20 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है। इसके साथ ही आरोपी की बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। गांजा बरामद होने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। मामले में पुलिस आगे की जांच के आधार पर गांजा सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी जुटा सकती है। सिटी कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार पिछले एक साल में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ यह सातवीं बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले पुलिस गांजा, एमडी पाउडर और डोडा चूरा से जुड़े मामलों में भी कार्रवाई कर चुकी है। पुलिस का कहना है कि अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जान जोखिम में डालने से भी नहीं डर रहे लोग

बैरिकेड्स की भी परवाह नहीं, स्कूली वैन ने पार किया पानी से भरा रपटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झिरन्या



मानसून में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने के बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। मंगलवार को दीवार-खंडवा मार्ग की रूपारेल नदी को एक स्कूली वें ने पार कर लिया। जबकि युवक अर्जुन रावत ने भी ऐसी ही कोशिश की जिसे ग्रामीणों ने उसे नदी से बाहर निकाल लिया। इसी मानसून में एक युवक नदी में तैराकी का करतब दिखा रहा था। तेज बहाव में वह डूब गया था। पिछले साल भी एक युवक इसी रपटा पर बह गया था। उसका शव नानकौड़ी गांव के पास मिला था। बार-बार हादसे होने के बाद भी लोगों की लापरवाही कम नहीं हो रही है। सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाए हैं, फिर भी लोग नियमों को ताक पर रखकर रपटा पार कर रहे हैं।

झमाझम बारिश आवागमन अवरुद्ध

पिछले तीन दिनों से चौबीसों घंटे बारिश से लोग घरों में दुबके रहे और शासकीय-कार्यालयों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था। यात्री-बसे भी गंत्वयों को नहीं पहुंची और मार्ग में ही यात्री-बसे रुकी रही। क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्गों पर आवागमन बाधित रहा। मोतेसिंह भाटिया बस सर्विस के राजेन्द्रपालसिंह भाटिया और सुजानसिंह भाटिया बस सर्विस के अजीतपालसिंह भाटिया ने बताया कि बुधवार अपरान्ह से आवागमन सामान्य हो रहा है।

प्रशासन सतर्क, सतत निगरानी

खरगोन कलेक्टर गुरु प्रसाद के निर्देश पर प्रशासनिक- अधिकारीकाफी मुस्तैद नजर आ रहे हैं। एसडीएम लोकेश छापरे के मार्गदर्शन में तहसीलदार खुमानसिंह चौहान और नायब तहसीलदार विजयपाल चौहान और थाना प्रभारी गणपतसिंह कनेल भी दुर्घटना-संभावित क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर रहें हैं।

वंदे मातरम गान के साथ तिरंगे को दी सलामी

बालक-बालिकाओं ने लिया हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जोनर एजुकेशन सिस्टम स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 600 बालक-बालिकाओं ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गान किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तिरंगे के समक्ष सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया तथा राष्ट्र ध्वज फहराकर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने तथा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूल संचालक विपक गुर्जर, प्राचार्य अंकित गुर्जर एवं जिला खेल और युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने विद्यार्थियों को तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शाला व्यायाम शिक्षक भूपेंद्र सिंह तोमर, शिक्षक सुनीता राजपूत, अभिषेक संगुले, हर्षिता इंगले, हर्षिता जायसवाल, रीना उपरीत सहित बड़ी संख्या में बालक-बालिकाएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और वंदे मातरम् के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने घाटों पर पहुंचकर सिर्फ पूजा-अर्चना की

शांतिपूर्वक मनी हरियाली अमावस्या, घाटों पर नहीं हुआ स्नान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

आपकी सुरक्षा – हमारी प्राथमिकता
स्नान प्रतिबंधित घाट
सख्त मना है।
कृपया अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें।
डायल 112
डायल 100
थाना हण्डिया, जिला हरदा (म.प्र.)
श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदि

हरियाली अमावस्या पर्व पर बुधवार को जिले में नर्मदा नदी के घाटों पर प्रशासन की सतर्कता के चलते पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नर्मदा नदी और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ने तथा संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा नर्मदा घाटों पर स्नान और नौकायन पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके चलते श्रद्धालुओं ने घाटों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की, लेकिन नदी में स्नान नहीं किया। प्रशासन द्वारा एक दिन पूर्व जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद घाटों पर पुलिस एवं प्रशासन की निगरानी रही। संभावित खतरे को देखते हुए लोगों को नदी से दूर रहने की समझाइश दी गई। प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा इंतजामों के कारण हरियाली अमावस्या का पर्व शांतिपूर्वक मनाया गया और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

नर्मदा घाटी में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत नर्मदा घाटों पर स्नान और नौकायन पर प्रतिबंध लगाया था। आदेश के पालन के लिए पुलिस और प्रशासनिक अमले को घाटों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए थे। वहीं, प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाटों पर आवश्यक इंतजाम किए गए। हरियाली अमावस्या पर बड़ी संख्या में लोग नर्मदा तट पर पहुंचे, लेकिन प्रशासन की अपील का पालन करते हुए नदी में स्नान करने से परहेज किया।

कांवड़ यात्रा निकाली महाकाल सेवा समिति व राष्ट्रीय भगवा सेना के कावड़ियों ने किया नन्हेश्वर महादेव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरगोन

लोहारी से महाकाल सेवा समिति एवं राष्ट्रीय भगवा सेना के संयुक्त तत्वावधान में निकली कांवड़ यात्रा शहर पहुंची। यात्रा के शहर पहुंचने पर महांकाल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने टेगौर पार्क में भव्य स्वागत किया। टेगौर पार्क पर पहुंचे कावडिय़ों का महाकाल सेवा समिति के राजेश वर्मा एवं समिति सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत-सत्कार किया। कावडिय़ों को फलाहार कराया गया। इस दौरान कावडिय़ों ने टेगौर पार्क स्थित भगवान भोलेनाथ के दर्शन के बाद नन्हेश्वर के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान जय श्री महांकाल और बोल बम का जयघोष गुंजायमान होता रहा। महांकाल सेवा समिति के वर्मा ने बताया कि यह यात्रा देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना को लेकर निकाली जाती है। यात्रा प्रभारी गोविंद राठौर ने बताया यात्रा लोहारी से शुरु हुई है जो नन्हेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान रास्तेभर स्वागत किया गया।

उद्यम संवाद कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय दल गठित

हरदा। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत आमजन तक हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार संबंधी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने इस संबंध में जिला स्तरीय दल गठित कर अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।

जिला स्तरीय दल में वनमंडलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी भोपाल, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, जिला परियोजना प्रबंधक मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा पशु चिकित्सा, लघु उद्योग निगम, आदिम जाति कल्याण, श्रम, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, अंत्यावसायी, उद्यानिकी, हस्तकरघा, खादी एवं ग्रामोद्योग, ऊर्जा, खनिज, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, रोजगार, मत्स्य तथा सीएससी केन्द्र से संबंधित अधिकारियों को भी दल में शामिल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिला स्तरीय दल प्रत्येक शिविर के उद्यम संवाद कार्यक्रम में स्वयं अथवा क्षेत्रीय अधिकारियों के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ उपलब्ध कराएगा। साथ ही आमजन को रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में उपस्थित हितग्राहियों की लंबित स्वीकृतियों, सुविधाओं के प्रदाय एवं अन्य समस्याओं की जानकारी लेकर उनका शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

अपैक्स बैंक के प्रशासक आज लेंगे बैठक, करेंगे काम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल अपैक्स बैंक प्रशासक महेन्द्रसिंह यादव आज गुरूवार को हरदा आयेंगे। अपैक्स बैंक भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार यादव शाम 5 बजे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मुख्य शाखा हरदा और बैंक से संबद्ध पैक्स समितियों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद शाम 6.30 बजे भाजपा कार्यालय हरदा में जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। किसान कल्याण बैठक में सहकारी बैंको और पैक्स समितियों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले की सहकारी समितियों से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ना और शासन की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँचाना है। प्रशासक यादव बैठक में केसीसी वितरण, अल्पकालीन फसल ऋण, भण्डारण, खाद बीज वितरण, डिजिटल लेनदेन और पैक्स के सुदृढ़ीकरण जैसे बिन्दुओं पर चर्चा करेंगे। साथ ही बैंकों में किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी। कृषक कल्याण वर्ष के तहत राज्य सरकार सहकारिता को कृषि क्षेत्र की रीढ़ मानकर काम कर रही है। अपैक्स बैंक प्रशासक के इस दौरे से जिले में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था और मजबूत होने के साथ ही किसानों को कम ब्याज पर ऋण और अन्य सुविधाएं सहजता से उपलब्ध हो सकेंगी।

भाजपा की मासिक जिला बैठक में पदाधिकारियों को दिया मार्गदर्शन

प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर संगठन को मजबूत करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरगोन

भारतीय जनता पार्टी की मासिक जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। इसमें यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी श्रीमती संगीता सोनी, जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। इसमें जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ, मंडल अध्यक्ष/ महामंत्री, वरिष्ठ एवं जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे। संभाग प्रभारी शर्मा ने संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को विशेष प्राथमिकता देते हुए इसे व्यापक स्तर पर सफल बनाने का आह्वान किया। शर्मा ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना चाहिए।

जिला प्रभारी सोनी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों को बूथ एवं शक्ति केंद्रों पर निरंतर प्रवास करने तथा स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए सभी को साथ लेकर संगठन के कार्य को आगे बढ़ाना है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए कि भाजपा का जनाधार और संगठनात्मक ग्राफ कैसे बढ़े। जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने कहा कि कार्यकर्ता अपने घर पर तिरंगा लगाकर राष्ट्र के प्रति अपनी भावना प्रकट करें और समाज के बीच भी तिरंगा लेकर पहुंचें। स्वतंत्रता दिवस को उत्साह एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाए। उन्होंने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा आयोजित करने की बात भी कही। विधायक पाटीदार ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी का बोध होना चाहिए। संगठन की मंशा के अनुरूप निष्ठा के साथ कार्य करें। आज प्रत्येक बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद हैं, लेकिन पूर्व और वर्तमान कार्यकर्ताओं के बीच जो सोच का अंतर है, उसे दूर करते हुए सभी को सक्रिय करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पद के अहंकार से दूर रहकर निष्ठा एवं समर्पण भाव से संगठन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुट जाएं। महेश्वर पूर्व विधायक आर्य, कसरावद के पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, जिला महमंत्री हरे सिंह चावडा, जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार, जिला महामंत्री विवेक भटोरे आदि रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभात पंडित ने किया। आभार वरिष्ठ नेता चंदर सिंह वास्कले ने माना। अजजा मोर्चा, अजा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।